कहता है श्याम हमारा हारे का साथ दो

कहता है श्याम हमारा हारे का साथ दो,
तब ही तो प्यारे तेरी मुझसे मुलाकात हो....

दिन दुःखी पर दया करे जो याद उसे करता हूं,
याद उसे करता हूं,
उसका दामन रोज रोज में खुशियों से भरता हूं,
खुशियों से भरता हूं,
कोई भी धर्म हो चाहे कोई भी जात हो,
तब ही तो प्यारे तेरी मुझसे मुलाकात हो....

मेरे पथ पर चलकर देखो जन्म सुधर जाएगा,
जन्म सुधर जाएगा,
यूगो युगों तक तुझे जमाना भूल नहीं पाएगा,
भूल नहीं पाएगा,
कर्मों से नाम तुम्हारा जग में विख्यात हो,
तब ही तो प्यारे तेरी मुझसे मुलाकात हो....

छोटी सी जिंदगानी तेरी कुछ तो नेकी कर ले,
कुछ तो नेकी कर ले,
वक्त बड़ा अनमोल है तेरा मेरा नाम सुमर ले,
मेरा नाम सुमर ले,
जाड़ा गर्मी हो चाहे चाहे बरसात हो,
तब ही तो प्यारे तेरी मुझसे मुलाकात हो......

पूजा पाठ करो ना करो पर मानव धर्म निभाओ,
मानव धर्म निभाओ,
बिन्नू अपने मन मंदिर में प्रेम की ज्योति जगाओ,
प्रेम की ज्योति जगाओ,
इतना जो कर पाओ तो तेरी मेरी बात हो,
तब ही तो प्यारे तेरी मुझसे मुलाकात हो.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26416/title/kehta-hai-shyam-humara-haare-ka-saath-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |